# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 17.09.2025

#### खुशी गेस्ट हाउस समेत तीन निर्माण वीडीए ने सील किए

**वाराणसी।** वीडीए ने मंगलवार को खुशी गेस्ट हाउस समेत तीन अवैध निर्माण सील किए। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार भेलूपुर वार्ड के भदैनी में दीपक साहनी की ओर से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए लगभग 1000 वर्गफीट में अवैध निर्माण कराया गया।

प्रथम और द्वितीय तल पर खुशी गेस्ट हाउस का संचालन करने के कारण काम बंद था। इसे दोबारा सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया।

गौरीगंज के होटल डायमंड के पास आशीष जायसवाल की ओर से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत लगभग 199.37 वर्गमीटर में कार्य कराया गया। नोटिस के बावजूद काम कराने पर इसे दोबारा सील किया गया। रविंद्रपुरी लेन नंबर 14 में राजेश, मनोज की ओर से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए लगभग 2800 वर्गफीट के क्षेत्रफल में अवैध निर्माण कराया जा रहा था। इसे बंद कराकर दोबारा सील किया गया। जोनल अधिकारी संजीव कुमार और अवर अभियंता सोनू कुमार की देखरेख में कार्रवाई की गई। ब्यूरो

### दैनिक जागरण–दि0 17.09.2025

#### विकास प्राधिकरण ने तीन अवैध निर्माण किए सील

**वाराणसी** : विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। जोन चार के जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि भेलूपुर वार्ड के भदैनी में दीपक साहनी अवैध तरीके से निर्माण कर रहे थे। गौरीगंज में होटल डायमंड के पास आशीष जायसवाल स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कर रहे थे। उन्हें नोटिस जारी करने के साथ शमन मानचित्र दाखिल करने को कहा गया था। रविंद्रपुरी लेन नंबर 14 में राजेश, मनोज समेत अन्य लोग बिना मानचित्र स्वीकृत कराए 2800 वर्गफीट क्षेत्रफल में निर्माण कर रहे थे। नोटिस जारी होने के बाद भी रात में चोरी-छिपे निर्माण कराया जा रहा था। तीनों निर्माण सील किए गए। **(जासं)**

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 17.09.2025

# ठठरा ग्राम पंचायत में मॉडल सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर

वाराणसी । विकास प्राधिकरण द्वारा सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के ठठरा ग्राम पंचायत में मॉडल सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है।



इस भवन का निर्माण ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु एक आधुनिक और सुसज्जित सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है।भवन की वास्तुकला में वोकल फॉर लोकल पहल के अनुरूप स्थानीय हस्तशिल्प की झलक शामिल की गई है। अग्रभाग (फसाड) में प्रीकास्ट कंक्रीट पैनलों पर पारंपरिक कारीगरी से प्रेरित डिज़ाइन उकेरे जाएंगे, जो कला और मजबूती का अनूठा संयोजन होगा।

निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्रियों जैसे पीवीसी फ्लूटेड सीलिंग पैनल, एसीपी क्लैडिंग, डिज़ाइनर फ्लोर टाइल्स और आधुनिक लाइटिंग का उपयोग किया जा रहा है। आंतरिक सज्जा एशियन पेंट्स के सौम्य रंगों से की जाएगी, साथ ही ध्वनि रोधी पैनल एवं आधुनिक सुविधाओं से भवन को सुसज्जित किया जाएगा।

## हिन्दुस्तान–दि0 17.09.2025

# भदैनी में अवैध गेस्ट हाउस सील

**वाराणसी।** वीडीए प्रशासन ने मंगलवार को भदैनी, रवींद्रपुरी, गौरीगंज में तीन अवैध निर्माण सील किए। भदैनी में अवैध रूप से संचालित खुशी गेस्ट हाउस को सील किया गया। भवन स्वामी दीपक साहनी ने बिना मानचित्र स्वीकृत कराए मकान नंबर बी-2/36 में लगभग 1000 वर्गफीट में तीन कमरे और लिफ्ट के बेस का निर्माण कराया। वीडीए ने इस भवन को दोबारा सील किया है। इससे पहले सीलिंग के बाद भी अवैध निर्माण जारी रहा।

पहले से निर्मित दो मंजिला मकान में अवैध रूप से दो मंजिल निर्माण कर गेस्ट हाउस संचालित किया जा रहा था। वीडीए ने इस भवन को पुलिस अभिरक्षा में सौंपा है। इसके अलावा वीडीए ने गौरीगंज में आशीष जायसवाल के भवन को सील किया है।

## न्यायाधीश–दि0 17.09.2025

# वाविप्रा द्वारा जोन-04 में तीन अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जोन-04 में तीन अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इस क्रम में वार्ड-भेलूपुर, भवन सं0-बी-2/36, भदैनी के अंतर्गत दीपक साहनी पुत्र स्व0 लालजी साहनी द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 1000 वर्गफीट के भूखण्ड क्षेत्रफल में पूर्व निर्मित जी+2 तलों के ऊपर 03 कमरों एवं लिफ्ट का निर्माण कार्य किये जाने पर अनाधिकृत निर्माण के विरूद्ध उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही करते हुए पूर्व में स्थल को सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौप दिया गया। वर्तमान में निर्माणकर्ता द्वारा पूर्व अध्यासित जी+2 तलों के ऊपर निर्माण कार्य पूर्ण कर फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा था तथा अनाधिकृत निर्माण के प्रथम एवं द्वितीय तल पर खुशी गेस्ट हाउस का संचालन किये जाने के कारण आज दिनांक 16.09.2025 को स्थल पर किये जा रहे फिनिशिंग कार्य को बन्द कराने के पश्चात् री-सील कर सम्बन्धित थाने के अभिरक्षा में सौप दिया गया है। वार्ड-भेलूपुर, भवन सं0-बी-12/112-जे-4-5 गौरीगंज, होटल डायमंड के पास आशीष जायसवाल पुत्र सुनील जायसवाल व अन्य द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत लगभग 199.37 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में रोड वाइडनिंग एवं सेटबैक को कवर कर निर्माण कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धारा के अन्तर्गत पूर्व में नोटिस की कार्यवाही की गयी थी। वर्तमान में स्थल पर निर्माणकर्ता द्वारा चोरी छिपे एवं रात्रिकाल में बी+जी+3 तलों का निर्माण पूर्ण कर फिनिशिंग आदि का कार्य कराया जा रहा था, जिसे बन्द कराकर दिनांक 16.09.2025 को स्थल सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौप दिया गया।इसी क्रम में वार्ड-भेलूपुर,भवन सं0-बी-2/200-ए-30, के सामने रविन्द्रपुरी, लेन नं0-14, राजेश, मनोज व अन्य द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 2800 वर्गफीट के क्षेत्रफल में भूतल पर कॉलम का निर्माण काय किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धारा के अन्तर्गत पूर्व में नोटिस की कार्यवाही की गयी थी। वर्तमान में स्थल पर निर्माणकर्ता द्वारा चोरी छिपे एवं रात्रिकाल में बी+जी+3 तलों का निर्माण पूर्ण कर फिनिशिंग आदि का कार्य कराया जा रहा था, जिसे बन्द कराकर दिनांक 16.09.2025 को स्थल सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौप दिया गया।मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार एवं अवर अभियंता सोनू कुमार तथा प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 17.09.2025

# ठठरा ग्राम पंचायत में मॉडल सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर



वाराणसी।वाविप्रा द्वारा सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के ठठरा ग्राम पंचायत में मॉडल सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। इस भवन का निर्माण ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु एक आधुनिक और सुसज्जित सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है।भवन की वास्तुकला में ङ'वोकल फॉर लोकल'ङ पहल के अनुरूप स्थानीय हस्तशिल्प की झलक शामिल की गई है। अग्रभाग (फसाड) में प्रीकास्ट कंक्रीट पैनलों पर पारंपरिक कारीगरी से प्रेरित डिज़ाइन उकेरे जाएंगे, जो कला और मजबूती का अनूठा संयोजन होगा।निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्रियों जैसे पीवीसी फ़्लूटेड सीलिंग पैनल, एसीपी क्लैडिंग, डिज़ाइनर फ़्लोर टाइल्स और आधुनिक लाइटिंग का उपयोग किया जा रहा है। आंतरिक सज्जा एशियन पेंट्स के सौम्य रंगों से की जाएगी, साथ ही ध्वनि रोधी पैनल एवं आधुनिक सुविधाओं से भवन को सुसज्जित किया जाएगा। उक्त कार्य की कुल लागत 0 2,75,57,607.00 + जी0एस0टी0 निर्धारित है।